दिनांक 07.07.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथ यात्रा का आगाज– प्रदेश में भी कोटा, झालावाड सहित कई स्थानों पर पारम्परिक श्रद्धा के साथ रथ यात्राओं के आयोजन।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – शिक्षा व्यक्ति और समाज के विकास का मुख्य आधार ।

- प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने के लिए चलाया जा रहा है जन जागरूकता अभियान।

- राज्य में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का दौर जारी–बीते चौबीस घंटों में चूरू के तारानगर में राज्य में सर्वाधिक 141 मिलीमीटर बारिश दर्ज।

000

ओडिशा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान सुदर्शन की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा आज धर्मनगरी पुरी में आयोजित की जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी इस वार्षिक उत्सव में भाग ले रही है। राष्ट्रपति मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने भगवान जगन्नाथ से सभी की प्रसन्नता, शांति और संपन्नता की कामना की। उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में भगवान जगन्नाथ की पवित्र यात्रा से लोगों के जीवन में प्रसन्नता और आध्यात्मिक जागरूकता की कामना की।प्रधानमंत्री ने भी भगवान जगन्नाथ के प्रति सम्मान व्यक्त किया और कामना की कि उनकी कृपा देश पर हमेशा बनी रहे। इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर आज जगन्नाथ रथयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रथयात्रा महोत्सव मनाया जा रहा है। कोटा जिले के विभिन्न वैष्णव मन्दिरों में आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने जयकारों के साथ प्रभु के रथ को खींचा। झालावाड़ जिले के झालरा पाटन में आज ऐतिहासिक जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जा रही है और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

--------------------

000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज बाबा रामसापीर की समाधि के दर्शन करने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे है। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की दूज पर समाधि के दर्शन करने का विशेष महत्व है। आज सुबह तीन बजे समाधि स्थल के पट खोल दिए गए। बाबा का अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की गई। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि शिक्षा व्यक्ति और समाज के विकास का मुख्य आधार है। शिक्षा से ज्ञान प्राप्त कर कौशल का विकास होता है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें आत्मनिर्भर बनाती है और बेहतर जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करती है। श्री शर्मा ने आज जयपुर में राजपुरोहित ग्लोबल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजपुरोहित समाज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस छात्रावास का निर्माण शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण और सामाजिक सरोकार की सच्ची मिसाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के संबंध में एसआईटी ने ठोस कार्रवाई करते हुए 108 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए इस वर्ष करीब 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। श्री शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए **'एक पेड़ मां के नाम'** अभियान के तहत प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए एक पेड़ अवश्य लगाएं।

000

लोकसभा अध्यक्ष और कोटा बूंदी सांसद ओम बिरला ने आज कोटा के अनंतपुरा में लव कुश वाटिका में **''एक पेड़ मां के नाम''** अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर देशभर में यह अभियान चलाया जा रहा है।

000

--------------------

प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्य में विभिन्न विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं और निजी संस्थाओं की मदद से पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है वही लोगों को घर– घर जाकर सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मण्डल की ओर से इन दिनों जूट और कपडे के थैले बाँटकर प्लास्टिक कैरी बैग्स का उपयोग नहीं करने की शपथ भी दिलवाई जा रही है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रदूषण मुक्त राज्य की संकल्पना को साकार करने की कड़ी में राज्य अग्रसर है और सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक कैरी बैग्स का उपयोग न के बराबर हो इसके लिए सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

000

सर्वोच्च– न्यायालय में कल नीट–यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई होगी। इनमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष 26 याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। छात्रों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित धांधलियों की एक अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। बढ़ते नीट विवाद के बीच केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया है। केंद्र ने कहा है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के किसी भी सबूत के अभाव में नीट–यूजी 2024 को दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। केन्द्र ने यह भी तर्क दिया है कि नई परीक्षा से लाखों वास्तविक उम्मीदवारों के जीवन पर प्रतिकूल असर पडेगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–अंडर ग्रेजुएट आयोजित करती है।

000

केन्द्रीय क़ानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज बीकानेर दौरे पर रहे। इस दौरान श्री मेघवाल ने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। केन्द्रीय कानून मंत्री ने कहा कि आगामी केन्द्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करेगा।

--------------------

000

प्रदेश के खान विभाग ने इस साल राजस्व प्राप्ति का नया रिकॉर्ड बनाया है। खान और पेट्रोलियम विभाग की शासन सचिव आनन्दी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 की पहली तिमाही में पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1 हजार 977 करोड़ 26 लाख रुपए का राजस्व जमा हुआ है। गौरतलब है कि पिछले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 1 हजार 746 करोड़ 55 लाख रुपए का राजस्व अर्जित हुआ था।

000

प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से चल रही बारिश की गति कुछ धीमी हुई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। राजधानी जयपुर सहित चुरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, दौसा, करौली और डूंगरपुर जिलों में कहीं–कहीं भारी और अतिभारी बारिश हुई। टोंक, सवाईमाधोपुर में पिछले दिनों हुई तेज बारिश से बनास नदी उफान पर है। इस कारण जयपुर–चौथ का बरवाडा–सिवाड मार्ग कल से बंद है। वहीं मध्यप्रदेश को जोड़ने वाला कोटा–श्योपुर मार्ग करीब 20 घंटे बंद रहने के बाद आज सुबह खुल गया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में सबसे ज्यादा चूरु के तारानगर में 141 मिलीमीटर बारिश और पूर्वी राजस्थान में करौली के सूरोठ में 137 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभागों में कहीं–कहीं बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

मौसम केन्द्र जयपुर के वैज्ञानिक हिमांशु शर्मा ने बताया कि कल बारिश की गतिविधियों में थोडी कमी के आसार हैं।

------------------

000

बीकानेर में 15वें अंतर्राष्ट्रीय रंग मल्हार का आयोजन महिला मंडल स्कूल में किया गया। अच्छी बारिश की कामना के लिए हर बार मानसून में होने वाले इस आयोजन में इस बार करीब डेढ़ सौ चित्रकारों ने भाग लिया और कलाकारों ने विभिन्न रंगों के जरिये अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। वहीं तूलिका के जरिये विलुप्त हो रहे पशु–पक्षियों को उकेरा । इस मौके पर मौजूद बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने बताया कि इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए ताकि नवांकुर और युवा चित्रकारों को प्रोत्साहन मिल सके। इस अवसर पर चित्रकारों का सम्मान किया गया तथा आयोजन स्थल से हेरिटेज वॉक का भी आयोजन किया गया ।

000